बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

शुद्धि–पत्र

संख्या–4 / वन भूमि–194 / 2025.....प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक.....

विभागीय आदेश संख्या–4090, दिनांक–15.07.2026 द्वारा श्री सौरभ प्रताप को रोहतास जिलान्तर्गत मौजा–कैथी, खाता संख्या–42, प्लॉट संख्या–688, 689, थाना संख्या–57, थाना–कावची में SH-81, अरवल–नासरीगंज पथ, के किनारे HPCL का रिटेल आउटलेट स्थापित करने के क्रम में पहुँच पथ निर्माण हेतु वन (संरक्षण एवं संवर्द्धन) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत 0.027 हे० वनभूमि के उपयोग के लिए अनुमति संबंधी आदेश निर्गत किया गया है।

2. प्रस्ताव के संबंध में FRA-2006 के प्रमाण–पत्र में जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा थाना का नाम "कच्छवॉ" वर्णित किया गया है। इसके आधार पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय–राँची द्वारा दिनांक–03.09.2026 को शुद्धिपत्र निर्गत किया गया, जिसमें थाना का नाम संशोधित करते हुए "कच्छवॉ (Kachhwa)" किया गया है।
3. अतएव उक्त आदेश में वर्णित थाना का नाम "कावची" के स्थान पर "कच्छवॉ" किया जाता है।
4. आदेश के शेष प्रावधान यथावत रहेंगे।
5. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/–
(राजीव कुमार)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :4 / वनभूमि–194 / 2025...6590.../प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक...15/10/26

प्रतिलिपि :–सहायक वन महानिदेशक, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, FC डिविजन, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग, नई दिल्ली–110003 / अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची–834002 / प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना / अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार, पटना / वन संरक्षक, वन्यप्राणी अंचल, पटना / जिला पदाधिकारी, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

वन प्रमंडल पदाधिकारी, रोहतास वन प्रमंडल, सासाराम को बिहार सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त अंतिम स्वीकृति पत्र के साथ सूचनार्थ, कार्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शनार्थ (30 दिनों तक) प्रेषित।

श्री सौरभ प्रताप, पिता–श्री कुंज बिहारी सिंह, वार्ड संख्या–29, महाबीर बिगहा, कुमार कॉलोनी, पाली पथ, डेहरी, जिला–रोहतास, पिन–821307 को सूचनार्थ तथा उपरोक्त शर्तों के अनुरूप कार्यार्थ प्रेषित।

संबंधित सहायक, गार्ड फाईल में संधारण / आई०टी० (मैनेजर), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अविलम्ब अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

15.10.2026
(राजीव कुमार)
सरकार के उप सचिव